महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए गौरी योजना शुरू

डीएम ने नाबार्ड की महात्वाकांक्षी योजना का किया उद्घाटन

नाबार्ड की गौरी योजना के शुभारंभ पर संबोधन करतीं डीएम।

डीएम ने चौबेपुर थाने का किया निरीक्षण

चौबेपुर। कसबे में नाबार्ड के कार्यक्रम में उद्घाटन के लिए आईं डीएम डा0 रोशन जैकब ने थाने का निरीक्षण किया दोपहर करीब ढाई बजे थाने पहुंची । जिलाधिकारी ने सबसे पहले थाने के अभिलेखों की जांच पड़ताल की। इसके बाद थाना प्रभारी को बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ राजेंद्रधर द्विवेदी मौजूद रहे।

चौबेपुर थाने में पुलिस अधिकारियों से पूछताछ करतीं रोशन जैकब।

अमर उजाला ब्यूरो

चौबेपुर (बिल्हौर)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की अति महत्वाकांक्षी योजना गौरी का उद्घाटन शुक्रवार को जिलाधिकारी डा रोशन जैकब ने किया। उन्होंने कहा कि समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा शुरू किए गए कार्य उनके भविष्य के लिए लाभकारी होंगे। योजना से जुड़ने वाली क्षेत्र की महिलाएं स्वावलंबी बन सकेगी। कई महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

चौबेपुर विकास खंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम डा रोशन जैकब ने दीप जला और फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि नरेगा में आय की एक सीमा है। मिट्टी का काम होने से मजदूर वर्ग के ग्रामीण ही काम कर सकते हैं किंतु गौरी योजना महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। कहा कि पेंशन और राशन कार्ड के सहारे न रहें प्रशासन का सहयोग लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ लें, और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर विविध स्कीमों का लाभ उठाएं। डीएम ने परिसर में लगे स्टालों का अवलोकन किया। इसके बाद जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड जितेंद्र कुमार ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पहले चरण में अगरबत्ती निर्माण कार्य आरंभ करवाया जाएगा। जिसके सफल संचालन के पश्चात महिलाओं को अन्य तरह की योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा। नाबार्ड द्वारा जिले में 210 किसान क्लब संचालित किए गए है। कार्यक्रम में मौजूद महाप्रबंधक नाबार्ड दलवीर सिंह बताया कि विभिन्न कार्यक्रम और योजनाओं से ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। इस दौरान बीओबी और बडौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक द्वारा 282.72 लाख रुपये का ऋण भी बांटा गया। कार्यक्रम में सौरभ गुप्ता, आशुतोष विश्वकर्मा, आरके श्रीवास्तव, शशी प्रभा, अपूर्व कुमार मौजूद रहे।